पटना विश्वविद्यालय

Patna University

Estd. 1917



Patna University In News (07.10.2022)

दैनिक भास्कर

आज से खुलेंगे कॉलेज, सिलेबस पूरा करने पर जोर

दो सप्ताह बाद फिर हो जाएंगी छुट्टियां, नवंबर में होंगे मिड सेमेस्टर एग्जाम्स

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

पटना विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय समेत राजधानी के तमाम विवि व कॉलेज शुक्रवार को खुल जाएंगे। कक्षाएं भी प्रारंभ हो जाएंगी। हालांकि त्योहार के बाद छात्रों की उपस्थिति कम रहने के आसार हैं और नियमित रूप से कक्षाएं सोमवार से ही प्रारंभ होंगी। दो सप्ताह लगातार कक्षाएं चलेंगी। इसके बाद 23 अक्टूबर से दीपावली व छठ पूजा की दस दिनों की छुट्टी होगी। फिर सीधा 2 नवंबर को विवि-कॉलेज खुलेंगे। इसलिए इस दो सप्ताह में यह प्रयास होगा कि अधिक से अधिक सिलेबस को पूरा कर दिया जाए, क्योंकि इसके बाद मिड सेमेस्टर एग्जाम्स शुरू हो जाएंगे।

पीयू-पीपीयू में छुट्टी के बाद शुरू होंगे एग्जाम

पटना विश्वविद्यालय में दीपावली व छठ पूजा की छुट्टी 1 नवंबर को समाप्त हो रही है। दो नवंबर को कॉलेज खुलेंगे और तीन नवंबर को मिड सेमेस्टर परीक्षा शुरू हो जाएगी जो पांच नवंबर तक चलेगी। वहीं दूसरी मिड टर्म परीक्षा 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक चलेगी। हालांकि ये परीक्षाएं इंटर्नल होती हैं। इसके बाद ठीक दस दिनों के भीतर 15 दिसंबर से फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हो जाएगी। इधर सूत्रों से जो जानकारी मिल रही है, उसके अनुसार स्नातक वोकेशनल कोर्स की सेमेस्टर-3 और सेमेस्टर-5 की मुख्य परीक्षा नवंबर में दीपावली व छठ पूजा की छुट्टी के कुछ ही दिनों के बाद ली जाएगी। हालांकि अभी इस संबंध में तिथि नहीं जारी की गई है। इधर पीपीयू में भी चूंकि सत्र काफी पीछे चल रहा है, इसलिए दिवाली से पहले सिलेबस कंप्लीट कराने पर विवि का पूरा जोर रहेगा।

आज से खुल जायेंगे यूनिवर्सिटी व कॉलेज

पटना. पटना यूनिवर्सिटी (पीयू) व पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी (पीपीयू) के सभी कॉलेज व डिपार्टमेंट शुक्रवार को खुल जायेंगे. दशहरा छुट्टी के खत्म होने के साथ ही दोनों यूनिवर्सिटियों में एडमिशन की प्रक्रिया समाप्त की जायेगी. पीयू में केवल पीजी स्पॉट राउंड के तहत एडमिशन प्रक्रिया बाकी है. वहीं, पीपीयू पीजी में एडमिशन के लिए सेकेंड लिस्ट शुक्रवार को जारी करेगा.

प्रभात खबर
Fri, 07 October 2022
https://epaper.prabhatkhab